संख्याः2/2026/164/ई-1/तेरह-2026-290253/19

प्रेषक,

दयाराम,
उप सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उ.प्र., प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 24 फरवरी, 2026

विषयः-डिजिटल अल्कोहल मीटर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्याः जी-87/बीस-के.प्र.-137/2017-18, दिनांक 29.01.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुदान संख्या-001, लेखा शीर्षक 4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय, 800-अन्य मद, 04- प्रवर्तन कार्य हेतु डिजिटल एल्कोहल मीटर एवं हैन्ड-हेल्ड स्कैनर, 26-मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र मद में उपलब्ध धनराशि रु.1000.00 लाख (रूपया दस करोड़ मात्र) में से जेम पोर्टल के अनुसार डिजिटल अल्कोहलोमीटर क्रय किये जाने हेतु एल-1 की धनराशि प्रति डिजिटल अल्कोहलोमीटर 5,32,000/-(पॉच लाख बत्तीस हजार)की दर से 127 डिजिटल अल्कोहलोमीटर हेतु कुल रूपया 6,75,64,000/-(छः करोड़ पचहत्तर लाख चौसठ हजार) सभी टैक्स सहित व्यय किये जाने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति निम्नलिखित शर्त के अधीन प्रदान की जाती हैः-

(1) अल्कोहल मीटर क्रय किये जाने हेतु क्रय नियमों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मूल्य निर्धारण की कार्यवाही विभागाध्यक्ष स्तर से की जाएगी।

(2) जेम पोर्टल से क्रय संबंधी समस्त सुसंगत नियमों एवं वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(3) यह भी अपेक्षित है कि आलेख्य में अंकित तथ्यों एवं लेखाशीर्ष आंकड़ों की शुद्धता की पुष्टि करते हुए तद्नुसार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-E-9-322-X-2025-26 दिनांक-23.02.2026 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Digitally signed by DAYARAM
Date: 24-02-2026 14:33:57

(दयाराम)

उप सचिव।

संख्या-2/2026/164(1) ई-1/तेरह-2026, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखा परीक्षा, प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, आबकारी विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9,
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- विभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(दयाराम)
उप सचिव।